कुल प्रश्नों की संख्या : 27]
Total No. of Questions : 27]

[कुल मुद्रित पृष्ठों की संख्या : 23
[Total No. of Printed Pages : 23

# 2321320

## विषय : लेखांकन
## Subject : Accountancy

समय : 3 घण्टे]
Time : 3 Hours]

[पूर्णांक : 100
[Maximum Marks : 100

*निर्देश :-*

(i) सभी प्रश्न हल करना अनिवार्य है।

(ii) प्रश्न क्रमांक 1 में चार खण्ड हैं – (अ) रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए, (ब) बहुविकल्पीय प्रश्न, (स) सत्य/असत्य, (द) एक वाक्य में उत्तर दीजिए। प्रत्येक प्रश्न के लिए 1 अंक निर्धारित है।

(iii) प्रश्न क्रमांक 2 से 13 तक अतिलघुउत्तरीय प्रश्न हैं। शब्द सीमा 30 शब्द। प्रत्येक प्रश्न के लिए 2 अंक आबंटित हैं।

(iv) प्रश्न क्रमांक 14 से 19 तक अतिलघुउत्तरीय प्रश्न हैं। शब्द सीमा 50 शब्द है। प्रत्येक प्रश्न पर 3 अंक आबंटित हैं।

(v) प्रश्न क्रमांक 20 से 23 तक लघुउत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न में आन्तरिक विकल्प हैं। शब्द सीमा 70 शब्द है। प्रत्येक प्रश्न के लिए 4 अंक आबंटित हैं।

(vi) प्रश्न क्रमांक 24 और 25 दीर्घ उत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न में आन्तरिक विकल्प हैं। प्रत्येक प्रश्न हेतु 5 अंक निर्धारित हैं।

(vii) प्रश्न क्रमांक 26 और 27 दीर्घ उत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न में आन्तरिक विकल्प हैं। प्रत्येक प्रश्न हेतु 6 अंक आबंटित हैं।

***Instructions :-***

(i) All questions are compulsory.

(ii) Question No. 1 contains 4 sections. (A) Fill in the blanks, (B) Multiple choice, (C) True or False, (D) Answer in one word. Each question carry 1 mark.

(iii) Question No. 2 to 13 are very short answer type questions. Maximum word limit 30 words. Each question carries 2 marks.

(iv) Question No. 14 to 19 are very short answer type questions. Maximum word limit 50 words. Each question carries 3 marks.

(v) Question No. 20 to 23 are short answer type questions. Each question has an internal choice. Maximum word limit 70 words. Each question carries 4 marks.

(vi) Question No. 24 and 25 are long answer type questions. Each question has an internal choice. Each question carries 5 marks.

(vii) Question No. 26 and 27 are long answer type questions. Each question has an internal choice. Each question carries 6 marks.

## ( खण्ड - अ )

**प्रश्न 1 ( अ ) रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए -** [1×5=5]

(i) पूँजी = सम्पत्तियाँ ( - ) -----------

(ii) तलपट खतौनी की केवल ----------- शुद्धता की जाँच करता है।

(iii) ख्याति ----------- परिसम्पत्ति है।

(iv) ह्रास की सरल रेखा पद्धति में ----------- पर ह्रास की गणना होती है।

(v) फर्म का समापन ----------- द्वारा होगा, जब कोई साझेदार मानसिक सन्तुलन खो बैठा हो।

## (Section - A)

**(A) Fill in the blanks -**

(i) Capital = Assets (-) .....................

(ii) Trial balance proves only the ..................... accuracy of ledger posting.

(iii) Goodwill is an ..................... asset.

(iv) Dipreciation is calculated on ..................... under the straight line method.

(v) The firm is dissolved by ..................... when a partner becomes of unsound mind.

## ( खण्ड - ब )

[1×5=5]

**( ब ) सही विकल्प चुनकर लिखिए -**

(i) वर्ष के अन्त में बचा हुआ माल कहलाता है :

(अ) क्रय

(ब) लागत

(स) स्टॉक

(द) लाभ

(ii) निम्न में से कौन-सी परिसम्पत्ति गैर-अभिलिखित मानी जाएगी :

(अ) पुराने फर्नीचर का विक्रय

(ब) स्थिति विवरण में दिखाई गई ख्याति

(स) पिछले वर्ष अपलिखित डूबत ऋण की वसूली

(द) विनियोगों का विक्रय।

(iii) जब विक्रेताओं को सम्पत्ति के क्रय के प्रतिफल स्वरूप बट्टे पर अंश जारी किए जाते हैं, तो अंशों का कुल मूल्य होगा :

(अ) क्रय प्रतिफल से कम

(ब) क्रय प्रतिफल से अधिक

(स) क्रय प्रतिफल के समान

(द) उपर्युक्त में से कोई नहीं।

(iv) निम्न में से चालू सम्पत्ति का चयन कीजिए :

(अ) अल्पावधि निवेश

(ब) ख्याति

(स) भवन

(द) फर्नीचर।

(v) एक्सल स्वत: ही संचित्र को फिर से बना देती है :

(अ) यदि डाटा में कोई परिवर्तन किया जाए।

(ब) यदि डाटा रेन्ज में कोई परिवर्तन किया जाए।

(स) (अ) तथा (ब) दोनों

(द) उपर्युक्त में से कोई नहीं।

## (Section - B)

**(B) Choose and write the correct answer -**

(i) Goods in hand at the end of a year is called :

(a) Purchases

(b) Cost

(c) Stock

(d) Profit

(ii) Which of the following is treated as unrecorded asset :

(a) Sale of old furniture

(b) Goodwill appearing in the balance sheet

(c) Bad debts recovered, written off in previous year

(d) Sale of Investments.

(iii) When shares are issued to the vendors at discount as consideration of assets purchased the total value of shares issued will be :

(a) Less than the purchase considerations

(b) More than the purchase considerations

(c) Equal to purchase considerations

(d) None of the above.

(iv) Select the current asset from the list given below :

(a) Short term investment

(b) Goodwill

(c) Building

(d) Furniture

(v) Excel automatically redraws the chart :

(a) If any change is made in data

(b) If any change is made in the range data.

(c) (a) and (b) both

(d) None of the above.

## ( खण्ड - स )

**( स ) बताइए निम्न कथन सत्य हैं अथवा असत्य -** [1×5=5]

(i) लेनदार लेखांकन सूचनाओं के आन्तरिक प्रयोगकर्ता होते हैं।

(ii) देनदारों पर कटौती के लिए प्रावधान व्यवसाय की आय है।

(iii) प्रवेश शुल्क आय की मद होती है।

(iv) प्रत्येक साझेदार का दायित्व असीमित होता है।

(v) ख्याति का लेखा बहियों में तभी किया जाता है, जब उसे क्रय किया गया हो।

## (Section - C)

**(C) State whether the following statements are true or false -**

(i) Creditors are internal users of accounting information.

(ii) Provision for discount on debtors is a income for a business.

(iii) Entrance fees is an item of income.

(iv) The liability of each partner is unlimited.

(v) Goodwill is recorded in the books only when it is purchased.

## ( खण्ड - द )

**( द ) एक शब्द में उत्तर दीजिए -** [1×5=5]

( i ) यदि तलपट के दोनों पक्षों (स्तम्भों) के योग समान नहीं हैं तो अन्तर की राशि किस खाते में लिखी जाएगी ?

( ii ) कम्पनी ऋणपत्रों को सह प्रतिभूति के रूप में कब जारी करती है ?

( iii ) ऋणपत्रों के निर्गमन पर बट्टे की राशि स्थिति विवरण में क्यों लिखी जाती है ?

( iv ) आदर्श चालू अनुपात लिखिए।

( v ) HRA का पूरा नाम लिखिए।

## (Section - D)

**(D) Give the answers in one word -**

(i) If the total of two amount columns of trial balance do not agree, in which account the difference amount is written ?

(ii) When does a company issue debentures as collateral security ?

(iii) Why is the amount of discount on issue of debentures written in the Balance Sheet ?

(iv) Write the ideal current ratio.

(v) Write the full form of HRA.

**प्रश्न-2** व्यावसायिक लेन-देनों का अर्थ बताइए। [2]

State the meaning of Business Transaction.

**प्रश्न-3** तलपट का अर्थ बताइए। [2]

State the meaning of Trial Balance.

**प्रश्न-4** ह्रास क्या है ? [2]

What is the meaning of Depreciation ?

**प्रश्न-5** आयगत व्यय की मदों को आय-व्यय खाते के किस ओर दिखाया जाता है ? [2]

To which side of the Income and Expenditure A/c items of revenue expenses are taken ?

**प्रश्न-6** लाभ-हानि नियोजन खाता क्यों बनाया जाता है ? [2]

Why the Profit and Loss Appropriation Account is prepared ?

**प्रश्न-7** साझेदार के सेवानिवृत्ति के समय लेनदारों के मूल्य में वृद्धि हुई। उपर्युक्त के लिए क्या रोजनामचा प्रविष्टि की जाएगी। [2]

There was an increase in the value of .a creditors at the time of retirement of a partner. What will be the journal entry for the above ?

प्रश्न-8 चालू अनुपात क्या है ? [2]

What is Current ratio ?

प्रश्न-9 डाटा बेस का अर्थ बताइए। [2]

What is the meaning of database ?

प्रश्न-10 विनिमय विपत्र किसे कहते हैं ? [2]

What is the meaning of a bill of exchange ?

प्रश्न-11 अलाभकारी संगठनों के आय के स्रोत लिखिए। (कोई दो) [2]

Write the name of sources of income of not for profit organisation. (any two)

प्रश्न-12 त्याग अनुपात ज्ञात करने हेतु सूत्र लिखिए। [2]

Write the formula to find the Sacrifice ratio.

प्रश्न-13 रोकड़ के आहरण से क्या समझते हो ? [2]

Write the meaning of drawing of Cash.

प्रश्न-14 क्रय बही का अर्थ दीजिए और इस बही का प्रारूप बनाइए। [2+1=3]

State the meaning of Purchases Book and draw the format of Purchases Book.

**प्रश्न-15** प्रावधान एवं संचय में किन्हीं तीन आधारों पर अन्तर कीजिए। [3]

Distinguish between Provision and Reserve. (any three points)

**प्रश्न-16** **निम्न शब्दों को संक्षेप में समझाइए :** $[1\frac{1}{2}+1\frac{1}{2}=3]$

(i) चन्दा

(ii) दान

**Explain in brief the terms :**

(i) Subscriptions

(ii) Donation

**प्रश्न-17** A कम्पनी ने 10 रु. वाले 20,000 समता अंश जनता में निर्गमित किए। सम्पूर्ण राशि एक मुश्त आवेदन के साथ ही प्राप्त हो गई। कम्पनी की पुस्तकों में जर्नल प्रविष्टियाँ कीजिए।

$[1\frac{1}{2}+1\frac{1}{2}=3]$

A Company issued 20,000 equity shares of Rs. 10 each to the public. All amounts have been received in lump-sum on application. Pass the journal entries in the books of the Company.

**प्रश्न-18** संयुक्त प्रविष्टियाँ क्या हैं ? उचित उदाहरण द्वारा समझाइए। [3]

What are Compound entries ? Explain with suitable examples.

**प्रश्न-19** इकहरी लेखा प्रणाली की तीन विशेषताएँ बताइए। [1+1+1=3]

Write any three characteristics of Single Entry System.

**प्रश्न-20** मोहन ब्रदर्स ने 1 जुलाई 2018 को एक मशीन 70,000 रु. में खरीदी और 5,000 रु. उसकी स्थापना पर व्यय किए। फर्म ने 10% वार्षिक दर से सरल रेखा पद्धति के अनुसार ह्रास को अपलिखित किया। प्रतिवर्ष 31 दिसम्बर को खाते बन्द कर दिए जाते हैं। तीन वर्षों के लिए मशीन खाता बनाइए। [4]

Mohan Brothers acquired a machine on July 1, 2018 at a cost of Rs. 70,000 and spent Rs. 5,000 on its installation. The firm write off depreciation @ 10% on straight line method. The books are closed on December 31 every year. Show the Machinery account for three years.

***( अथवा )***

***( OR )***

एक मशीन 2,00,000 रु. में खरीदी गई। 500 रु. क्रेन ऑपरेटर को ट्रक पर लदवाने के दिए, 800 रु. मशीन को फैक्टरी तक पहुँचाने के लिए दिए। 300 रु. फैक्टरी साइट पर पहुँचने पर मशीन को उतरवाने के लिए दिए। यह अनुमान लगाया गया कि मशीन 10 वर्षों तक चलेगी, उसके बाद यह 8,000 रु. में बिक जाएगी। मशीन के ह्रासित मूल्य की गणना कीजिए।

A machine was purchased for Rs. 2,00,000, Rs. 500 was paid for the crane for its loading on the truck. Rs. 800 was paid for transporting the machine to the factory. Rs. 300 was spent on its unloading at the factory site. The machine was estimated to run for 10 years and thereafter would be saleable for Rs. 8,000. Calculate the depreciable value of the machine.

**प्रश्न-21** एक कम्पनी ने 2,000, 9% ऋणपत्र 100 रु. प्रति ऋणपत्र 10% बट्टे पर जारी किए, जिन पर भुगतान निम्नानुसार होना था, आवेदन पर 40 रु., आबंटन पर 50 रु.। रोजनामचा प्रविष्टियाँ कीजिए। [4]

A Company has issued 2,000, 9% debentures of Rs. 100 each at a discount of 10% payable as Rs. 40 on application, Rs. 50 on allotment. Make necessary journal entries.

*( अथवा )*

*( OR )*

राम लिमिटेड ने राजा लिमिटेड से 99,000 की सम्पत्तियाँ क्रय कीं। क्रय प्रतिफल के रूप में राम लिमिटेड के समता अंश जारी करने पर सहमति हुई। निम्नांकित मामलों में जर्नल प्रविष्टियाँ कीजिए।

(i) 10 रु. वाले अंश सममूल्य पर निर्गमित किए गए।

(ii) 10 रु. वाले अंश 10% प्रीमियम पर निर्गमित किए गए।

Ram Ltd. purchased assets of Raja Ltd. for Rs. 99,000. The purchase consideration was agreed to be paid in terms of equity shares of Ram Ltd. You are required to pass necessary journal entries in the following cases :-

(i) Shares issued at par of Rs. 10 each.

(ii) Shares issued at premium of 10%.

प्रश्न-22 वित्तीय विवरणों के विश्लेषण की किन्हीं चार सीमाओं का उल्लेख कीजिए। [4]

State any four limitations of analysis of financial statements.

*( अथवा )*

*( OR )*

अनुपात विश्लेषण के लाभ व उपयोगिता का वर्णन कीजिए। (कोई चार)

State any four advanages and uses of ratio analysis.

**प्रश्न-23** एक बिन्दु रेख / संचित्र के अवयवों का वर्णन कीजिए। (कोई चार) [4]

Explain the elements of a Chart / Graph. (any four)

***( अथवा )***

***( OR )***

संचित्र व बिन्दुरेख क्या है ? इसके उपयोग से होने वाले कोई तीन लाभ बताइए।

What are Chart / Graph ? Write three advantages of their use.

**प्रश्न-24** निम्नांकित लेन-देनों की मनीष की बहियों में प्रविष्टि कीजिए : [1+1+1+1+1=5]

2020

1 जनवरी 50,000 रु. का माल राजू से उधार क्रय किया।

8 जनवरी 4,000 रु. का माल नेहा को उधार बेचा।

10 जनवरी 10,000 रु. का माल नगद खरीदा।

12 जनवरी 49,000 रु. राजू को भुगतान किया, उससे 1,000 रु. छूट मिली।

15 जनवरी 15,000 रु. का माल कविता को 20% व्यापारिक छूट पर बेचा।

Enter the following transactions in the books of Manish :

2020

| | |
|---|---|
| Jan. 1 | Purchased goods worth Rs. 50,000 from Raju on Credit. |
| Jan. 8 | Goods sold to Neha for Rs. 4,000 on Credit. |
| Jan. 10 | Purchased goods for Cash Rs. 10,000. |
| Jan. 12 | Payment made to Raju Rs. 49,000 discount allowed by him Rs. 1,000 |
| Jan. 15 | Goods sold to Kavita for Rs. 15,000, trade discount @ 20% is allowed to her. |

*( अथवा )*

*( OR )*

निम्नांकित लेन–देनों की जर्नल प्रविष्टियाँ कीजिए :

2019

| | | |
|---|---|---|
| जन. 1 | व्यवसाय प्रारम्भ किया | 1,00,000 रु. |
| जन. 2 | बैंक में जमा किया | 60,000 रु. |
| जन. 4 | मशीन खरीदी तथा चेक से भुगतान किया | 30,000 रु. |
| जन. 6 | वेतन भुगतान किया | 5,000 रु. |
| जन. 10 | किराया प्राप्त किया | 6,000 रु. |

Enter the following transactions in Journal :-

2019

| | | |
|---|---|---|
| Jan. 1 | Business started with Cash | Rs. 1,00,000 |
| Jan. 2 | Paid in to Bank | Rs. 60,000 |
| Jan. 4 | Purchased Machinery and paid by cheque | Rs. 30,000 |
| Jan. 6 | Paid Salaries | Rs. 5,000 |
| Jan. 10 | Received Rent | Rs. 6,000 |

**प्रश्न-25** मोहन, मुकेश और मनीष 3 : 2 : 1 के अनुपात में साझेदार हैं। मोहन साझेदारी से सेवानिवृत्त होता है। उसके दावों का निपटान करने के लिए परिसम्पत्तियों एवं दायित्त्वों के पुनर्मूल्यांकन पर निम्न सहमति हुई : [5]

(i) मशीनरी के मूल्य में 25,000 रु. की वृद्धि होगी।

(ii) विनियोग के मूल्य में 2,000 रु. की वृद्धि होगी।

(iii) बहियों में 1,000 रु. के अदत्त बिल के प्रावधान की अब आवश्यकता नहीं है।

(iv) भूमि व भवन के मूल्य में 12,000 रु. की कमी होगी।

पुनर्मूल्यांकन खाता तैयार कीजिए।

Mohan, Mukesh and Manish are partners sharing profit in the ratio 3 : 2 : 1. Mohan retires from the partnership. In order to settle his claim. The following revaluation of assets and liabilities was agreed upon :

(i) The value of machinery is increased by Rs. 25,000.

(ii) The value of Investment is increased by Rs. 2,000.

(iii) A provision for outstanding bill standing in the books at 1,000 is now no required.

(iv) The value of land and building is decreased by Rs. 12,000.

Prepare Revaluation account.

***( अथवा )***

***( OR )***

31 मार्च 2019 को A, B तथा C का स्थिति विवरण निम्न है :

साझेदार लाभ का विभाजन पूँजी के अनुपात में करते हैं ।

| दायित्व | | राशि रु. | सम्पत्ति | | राशि रु. |
|---|---|---|---|---|---|
| लेनदार | | 25,000 | मशीनरी | | 40,000 |
| देय विपत्र | | 13,000 | भवन | | 90,000 |
| सामान्य संचय | | 22,000 | देनदार | 30,000 | |
| पूँजी :- | | | घटाया – डूबत ऋण | | |
| A | 60,000 | | के लिए प्रावधान | 1,000 | 29,000 |
| B | 40,000 | | स्टॉक | | 23,000 |
| C | 40,000 | 1,40,000 | बैंक में रोकड़ | | 18,000 |
| | | 2,00,000 | | | 2,00,000 |

31 मार्च 2019 को B फर्म से सेवानिवृत्त होता है। निम्न समायोजन किए गए –

(1) भवन के मूल्य में 20% की वृद्धि हुई।

(2) देनदारों पर डूबत ऋण के लिए प्रावधान में 500 रु. वृद्धि की जाएगी।

(3) मशीनरी पर 10% ह्रास लगाया जाएगा।

(4) फर्म की ख्याति का मूल्यांकन 56,000 रु. किया गया और सेवानिवृत्त साझेदार का भाग समायोजित किया जाएगा।

B की सेवा निवृत्ति पर पुनर्मूल्यांकन खाता बनाइए।

The Balance Sheet of A, B and C who are partners in a firm sharing profits according to their capitals as on 31st March 2019 was as under :-

| Liabilities | Amount Rs. | Assets | Amount Rs. |
|---|---|---|---|
| Creditors | 25,000 | Machinery | 40,000 |
| Bills Payable | 13,000 | Building | 90,000 |
| General Reserve | 22,000 | Debtors : 30,000 | |
| Capital :- | | Less : Provision | |
| A - 60,000 | | for Bad debts 1,000 | 29,000 |
| B - 40,000 | | Stock | 23,000 |
| C - 40,000 | 1,40,000 | Cash at Bank | 18,000 |
| | 2,00,000 | | 2,00,000 |

On the date of Balance Sheet, 'B' retired from the firm and following adjustmen were made :

(1) Building is appreciated by 20%

(2) Provision for bad debts is increased Rs. 500 on debtors.

(3) Machinery is depreciated by 10%

(4) Goodwill of the firm is valued at Rs. 56,000 and the retiring partner share is adjusted.

Prepare Revaluation Account after 'B' retirement.

**प्रश्न-26** मेसर्स रंगलाल एण्ड सन्स की पुस्तकों में 30 जून 2021 को समाप्त होने वाले वर्ष के लिए नि आँकड़ों के आधार पर तलपट तैयार कीजिए : [6]

पूँजी 46,000 रु., रोकड़ 2,400 रु., कमीशन (डेबिट) 500 रु., क्रय 23,800 रु. बैंक 5,100 रु., आहरण 1,240 रु., बट्टा (डेबिट) 240 रु., वेतन 3,720 रु., फर्नीच 2,200 रु., मजदूरी 9,720 रु., विक्रय 40,960 रु., किराया (डेबिट) 2,520 रु., देनदा 27,040 रु., विविध व्यय 4,120 रु., लेनदार 8,840 रु., यन्त्र 6,600 रु., विज्ञापन 600 रु. प्रारम्भिक रहतिया 6,000 रु. ।

Prepare the Trial Balance of M/s. Ranglal & Sons from the following balances on 30th June 2021 :

Capital Rs. 46,000, Cash Rs. 2,400, Commission (Dr.) Rs. 500, Purchases Rs. 23,800, Bank Rs. 5,100, Drawing Rs. 1,240, Discount (Dr.) Rs. 240, Salary Rs. 3,720, Furniture Rs. 2,200, Wages Rs. 9,720, Sales Rs. 40,960, Rent (Dr.) Rs. 2,520, Debtors Rs. 27,040, Sundry Expenses Rs. 4,120, Creditors Rs. 8,840, Machinery Rs. 6,600, Advertisement Rs. 600, Opening Stock Rs. 6,000.

*( अथवा )*

*( OR )*

निम्न सूचना से तलपट तैयार कीजिए :

वेतन 5,000 रु., भवन 40,000 रु., पूँजी 66,000 रु., देयविपत्र 11,600 रु., देनदार 16,000 रु., बीमा 550 रु., लेनदार 18,100 रु., प्राप्य विपत्र 5,000 रु., बैंक अधिविकर्ष 16,000 रु., प्राप्त कमीशन 6,000 रु., दान दिया 300 रु., क्रय 10,000 रु., विक्रय 22,000 रु., क्रय वापसी 300 रु., विक्रय वापसी 700 रु., बैंक में रोकड़ 62,450 रु. ।

Prepare the trial balance from the following balances :

Salary Rs. 5,000, Building Rs. 40,000, Capital Rs. 66,000, Bills Payable Rs. 11,600, Debtors Rs. 16,000, Insurance Rs. 550, Creditors Rs. 18,100, Bills Receivable Rs. 5,000, Bank Overdraft Rs. 16,000, Commission Received Rs. 6,000, Donation Rs. 300, Purchases Rs. 10,000, Sales 22,000, Purchase returns Rs. 300, Sales returns Rs. 700, Cash at bank Rs. 62,450.

प्रश्न-27 A और B एक फर्म में साझेदार हैं। अपने लाभ का विभाजन 5 : 3 के अनुपात में करते हैं। वे C को $\frac{1}{4}$ भाग के लिए फर्म में प्रवेश देते हैं। 'C' अपने भाग की ख्याति के लिए 30,000 रु. तथा पूँजी के लिए 1,20,000 रु. लाता है। C के प्रवेश के बाद फर्म की बहियों में रोजनामचा प्रविष्टियाँ कीजिए और त्याग अनुपात ज्ञात कीजिए। नया लाभ-हानि अनुपात 2 : 1 : 1 होगा।

[6]

A and B are partners in a firm sharing profit in the ratio 5 : 3. They admitted C as a new partners for $\frac{1}{4}^{th}$ share in the profit. C bring Rs. 30,000 for his share of goodwill and Rs. 1,20,000 for capital. Make journal entries in the books of the firms after the admission of 'C' and calculate the sacrificing ratio. The new profit ratio will be 2 : 1 : 1.

**( अथवा )**

**( OR )**

X और Y साझेदार हैं। लाभ विभाजन 3 : 2 के अनुपात में करते हैं। वे Z को भविष्य के लाभों में 1/5 भाग के लिए प्रवेश देते हैं। Z पूँजी के रूप मे 2,50,000 रु. लाता है एवं अपने भाग की ख्याति को रोकड़ में लाने में असमर्थ है। फर्म की ख्याति का मूल्यांकन 1,80,000 रु. किया गया। प्रवेश के समय फर्म की बहियों में 80,000 रु. की ख्याति विद्यमान थी। फर्म की बहियों में आवश्यक जर्नल प्रविष्टियाँ कीजिए।

X and Y are partners sharing profit in the ratio of 3 : 2. They agree to admit 'Z' for 1/5 share in future profit. Z bring Rs. 2,50,000 as capital and unable to bring his share of goodwill in cash. The goodwill of the firm to be valued at Rs. 1,80,000 at the time of admission goodwill existed in the books of the firm at Rs. 80,000. Make necessary journal entries in the books of the firm.

●●●